# (टिप्पणी एवं आदेश)

## (उ0प्र0 जल निगम)

महोदय,

कृपया जल जीवन मिशन–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत जनपद–बलरामपुर हेतु नामित एजेन्सी– मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, (J/V) ईको प्रोटेक्शन इन्जीनियरिंग प्रा0लि0 द्वारा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बलरामपुर को प्रस्तुत किये गये प्राक्कलन (डी0पी0आर0) परीक्षण एवं अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श हेतु दिनांक 29.10.2022 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बलरामपुर की आहूत बैठक के कार्यवृत्त का आलेख दाहिनी ओर टंकित है। कृपया अवलोकन करना चाहें।

11.11.22

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
बलरामपुर।

ok.

CDO भी एक बार परीक्षण कर लें तथा सभी सदस्यों के हस्ताक्षर कराकर कार्यवृत्त जारी करा लें

12/11/2

जिलाधिकारी
बलरामपुर

पत्रावली प्राप्ति का दिनांक 11/11/022
पत्रावली वापसी का दिनांक 12/11/022

CS CamScanner

**जल जीवन मिशन–''हर घर नल से जल योजना'' के अन्तर्गत दिनांक 29.10.2022 को जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में जनपद–बलरामपुर हेतु नामित एजेन्सी– मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, (J/V) ईको प्रोटेक्शन इन्जीनियरिंग प्रा0लि0 द्वारा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु डी0डब्ल्यू0 एस0एम0, बलरामपुर को प्रस्तुत किये गये प्राक्कलन (डी0पी0आर0) परीक्षण हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बलरामपुर के बैठक का कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम–''हर घर नल से जल योजना'' के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के माध्यम से जलापूर्ति उपलब्ध कराये जाने के लिए जनपद–बलरामपुर हेतु नामित एजेन्सी– मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई द्वारा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु डी0डब्ल्यू0एस0एम0, बलरामपुर को प्रस्तुत किये गये 14 ग्राम पंचायतों के 14 नग प्राक्कलन जिसमें 18 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, (J/V) द्वारा 144 ग्राम पंचायतों के 109 नग प्राक्कलन जिसमें 159 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं को परीक्षण हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बलरामपुर की बैठक दिनांक 29.10.2022 को जिलाधिकारी बलरामपुर के आवास पर आयोजित की गई। जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर।
2. जिला विकास अधिकारी, बलरामपुर।
3. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर।
4. जिला कृषि अधिकारी, बलरामपुर।
5. जिला सूचना अधिकारी, बलरामपुर।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर।
7. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
8. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड–प्रथम, बलरामपुर।
9. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई, बलरामपुर।
10. परियोजना प्रबन्धक मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
11. जनपदीय टीम लीडर, मे सेन्सिस टेक लि, (टी.पी.आई.)।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति को अवगत कराया गया कि, जनपद हेतु सूचीबद्ध कार्यदायी फर्म मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई द्वारा प्रेषित 14 नग योजनाओं के प्राक्कलन जिससे 14 ग्राम पंचायतें/18 राजस्व ग्राम एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, J/V ईको प्रोटेक्शन इन्जीनियरिंग प्रा0लि0 द्वारा प्रेषित 109 नग योजनाओं के प्राक्कलन जिससे 144 ग्राम पंचायतें/159 राजस्व ग्राम पेयजल से आच्छादित होंगे, के विस्तृत प्राक्कलन जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर के माध्यम से उपलब्ध कराये गये है। प्राप्त प्राक्कलनों के जनपद स्तर से स्वीकृति/संस्तुति हेतु निर्गत शासनादेश 36/2021/1599/ छिहत्तर–1–2021–25सम /2019 दिनांक 08.07.2021 के क्रम में फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो के जनपद स्तर पर स्वीकृत होने वाले 10 नग प्राक्कलन हैं, जिनकी लागत 5 करोड़ से कम हैं एवं राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से स्वीकृत होने वाली 02 नग प्राक्कलन जिनकी लागत 5 करोड़ से अधिक है। इसी प्रकार फर्म मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग के जनपद स्तर पर स्वीकृत होने वाले समस्त 109 नग प्राक्कलन हैं, जिनकी लागत 5 करोड़ से कम हैं की स्वीकृति/संस्तुति बैठक में कराया जाना प्रस्तावित है। सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि, फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा 14 नग एवं मेसार्स दारा इन्जीनियरिंग द्वारा 109 नग प्राक्कलन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, उ.प्र. शासन लखनऊ के शासनादेश संख्या 51/2021/1883/छिहत्तर–1– 2021–25सम/2019 दिनांक 06.08.2021 एवं शासनादेश सं0 के शासनादेश संख्या 53/2021/2774 /छिहत्तर –1–2021–25सम/2019 दिनांक 05.10.2021, में दिये गये दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 तकनीकी परीक्षण हेतु खण्ड कार्यालय को उपलब्ध कराये गये। जिसमें फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो के द्वारा प्रस्तुत किये गये 14 नग प्राक्कलनों में से 04 नग प्राक्कलन की प्रति व्यक्ति लागत 6000 से कम है एवं 10 नग प्राक्कलन की प्रति व्यक्ति लागत 6000 से अधिक है। इसी प्रकार फर्म मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग द्वारा प्रस्तुत किये गये 109 नग प्राक्कलन के सापेक्ष 57 नग प्राक्कलन की प्रति व्यक्ति लागत



CamScanner

रू0 6000 से कम है एवं 52 नग प्राक्कलन की प्रति व्यक्ति लागत रू0 6000 से अधिक हैं। शासनादेश संख्या 51/2021/1883/ छिहत्तर–1– 2021–25सम/2019 दिनांक 06.08.2021 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में दोनो फर्मों द्वारा उपलब्ध कराये गये कुल 123 नग प्राक्कलन मे से प्रति व्यक्ति लागत रू0 6000 से अधिक लागत के कुल 62 (10+52) को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा स्थलीय निरीक्षण कराते हुए कारणों का स्पष्ट उल्लेख कर स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन प्रेषित किया जाना है जिस पर निरीक्षण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन हैं। प्रस्तुत प्राक्कलनों के तकनीकी परीक्षण में परिलक्षित आवश्यक संशोधन फर्मों से कराते हुए समस्त प्राप्त प्राक्कलनों की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर द्वारा प्रदान की गयी।

आयोजित बैठक में फर्मों द्वारा उपलब्ध कराये गये समस्त 123 नग पेयजल योजनाओं के विस्तृत प्राक्कलनों पर स्वीकृति हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्यों से विचार विमर्श किया गया। जिसके उपरान्त जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में प्रति व्यक्ति लागत रू0 6000 से कम के 61 नग प्राक्कलनों पर जनपद स्तर स्वीकृत होने वाले प्राक्कलनों की स्वीकृति/राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से स्वीकृत होने वाले प्राक्कलनों पर स्वीकृति हेतु संस्तुति इस आशय के साथ प्रदान की गयी कि फर्मों द्वारा उपलब्ध कराये गये 61 नग प्राक्कलनों की ग्राम पंचायत स्तर से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त करें कि, सम्मिलित ग्राम पंचायतों के समस्त मजरे प्राक्कलन में सम्मिलित हैं एवं प्राक्कलन ग्राम पंचायत की आवश्यकता के अनुरूप बनाया गया है। साथ ही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) यह सुनिश्चित कर लें कि प्राक्कलन में दरें स्वीकृत मानक दरों के अनुसार ही ली गयी हैं। अध्यक्ष/उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार बैठक में स्वीकृत/संस्तुत 61 नग प्राक्कलनों को अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर के माध्यम से प्राक्कलनों की प्रति शासन को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

समिति द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में प्रति व्यक्ति लागत रू0 6000 से अधिक लागत के 62 नग प्राक्कलनों को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के निरीक्षण के क्रम में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्राक्कलन में आवश्यक संशोधन कर उपरोक्त प्राक्कलनों को भी शासन प्रेषित करने हेतु सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम को निर्देशित किया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त लक्ष्य के सापेक्ष मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा तैयार किये जाने वाले अवशेष 18 ग्राम पंचायतों के प्राक्कलन एवं मेसर्स दारा जे0वी0 इको प्रोटेक्शन द्वारा तैयार किये जाने वाले अवशेष 110 ग्राम पंचायतों के प्राक्कलन यथाशीघ्र फर्म द्वारा तैयार कराते हुए जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में प्रस्तुत करने हेतु फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0 /मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो।**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि, जनपद में जनपद में कार्य कर रही दोनो फर्मों को निर्धारित कुल लक्ष्य 720 ग्राम पंचायतों की पेयजल योजनाओं के जलकल परिसर की भूमि आवंटन की कार्यवाही के क्रम में वर्तमान तक 671 ग्राम पंचायतों में भूमि आवंटित कर दी गयी हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा शेष 49 ग्राम पंचायतों में भूमि प्राप्ति की अपेक्षित कार्यवाही हेतु मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो की अवशेष 18 ग्राम पंचायतो में भूमि प्राप्ति हेतु अग्रिम दो दिवस में समस्त कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम को निर्देशित किया गया एवं फर्म मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग की अवशेष 31 ग्राम पंचायतों के समीपस्थ ग्राम पंचायतों के साथ योजना सम्मिलित करते हुए प्राक्कलन विरचन की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही– अधि0 अभि0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/अपर जिलाधिकारी/समस्त उप जिलाधिकारी/ मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0/मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो।**

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में कार्यरत फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग को अवशेष ग्राम पंचायतों के प्राक्कलन शासन द्वारा निहित निर्देशों का अनुपालन करते हुए यथा शीघ्र तैयार कर तकनीकी परीक्षण हेतु कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे अवशेष ग्राम पंचायतों में पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन विरचन उपरान्त निर्माण की कार्यवाही भी समय से सुनिश्चित की जा सके।

CS CamScanner

उक्त के अतिरिक्त कार्यदायी संस्था, टी0पी0आई0 आई0एस0ए0,एवं डी0पी0एम0यू0 को योजना के कार्यों में आ रही गुणवत्ता के शिकायतों का तत्काल निराकरण एवं योजना के कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराने हेतु उनके द्वारा कराये जाने वाले कार्यों को शासन/प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार निष्पादित कराने के निर्देश दिये

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

11.11.22

(मुकीम अहमद)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता भुगर्भ जल
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड–प्रथम
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला कृषि अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

प्रभागीय वन अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

18/11/22
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

DDO
जिला विकास अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

मुख्य विकास अधिकारी,
(उपाध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बलरामपुर।**

पत्रांक : 1059 / यो0-1 / 716 दिनांक– 24/11/022

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, देवीपाटन मण्डल, उ.प्र. जल निगम, गोण्डा।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
5. समस्त उप जिलाधिकारी, बलरामपुर।
6. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
7. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग जे0वी0 इको प्रोटेक्शन, बलरामपुर।
8. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बलरामपुर।

24.11.22
अधिशासी अभियन्ता

CS CamScanner